दैनिक भास्कर 27/09/2024

जागरूकता

स्वीप एक्टिविटी के तहत जिले के नागरिकों को मतदान के लिए किया जा रहा जागरूक

छात्रों ने दोस्तों व लोगों को वोट डालने के प्रति किया जागरूक

भास्कर न्यूज | अम्बाला

शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। विद्यार्थियों को अपने मोहल्लों, दोस्तों और आम नागरिकों को 5 अक्तूबर के दिन वोट डालने के प्रति जागरूक करने की जिम्मेवारी सौंपी जा रही है। एडीसी अपराजिता ने बताया कि डीसी पार्थ गुप्ता के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप अभियान की गतिविधियां चलाई जा रही हैं। लोगों को 5 अक्तूबर को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। एडीसी अपराजिता ने बताया कि राजकीय कॉलेज व स्कूलों में मतदान जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए। वॉलटियर्स ने शहर के दुकानदारों, रेहड़ी चालकों, आम नागरिकों को बताया कि 5 अक्तूबर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। जिला के सभी मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान की प्रक्रिया जारी रहेगी। आम नागरिक अपने वोटर आईडी कार्ड लेकर सुबह बूथ पर जाएं और मतदान करने के बाद घर के बाकी काम करें। 5 अक्तूबर को सुबह सबसे पहले वोट डालने का काम करें। वोट डालने के बाद हमें यह तसल्ली होगी कि चुनाव की प्रक्रिया में हमारा भी योगदान रहा है। इस काम में जिला के धार्मिक, सामाजिक व व्यापारिक संगठनों को भी लोगों को 5 अक्तूबर के दिन अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करना चाहिए। जीएमएसएसएस जनसुई में विद्यार्थियों को एक-एक वोट के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

राजकीय स्कूल सोंटा और जीएमएन कॉलेज में करवाई स्वीप एक्टिविटी

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सोंटा में प्रिंसिपल सर्वजीत कौर के नेतृत्व में स्वीप एक्टिवटी करवाई गई। राजकीय बीसी बाजार स्कूल में विद्यार्थियों को मतदान से संबंधित प्रश्नावली के माध्यम से जागरूक किया गया। राजकीय विद्यालय घेल व डडियाना में क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जलबेहड़ा राजकीय स्कूल में एथिकल वोटिंग कार्यक्रम किया गया। सिटी के राजकीय महिला महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कलश यात्रा का आयोजन किया। कलश यात्रा में प्रिंसिपल डॉ. खुशीला समेत अन्य विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। इन विद्यार्थियों को प्रो. सुमन सिरोही, डॉ. पूजा, डॉ. गुंजन अरोड़ा ने भी प्रेरित किया। जीएचएस धनौरा में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जीएमएन कॉलेज अम्बाला कैंट में इलेक्ट्रॉल लिटरेसी क्लब व एनएसएस के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम कराया।